Bareilly, Friday,
14 November 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO :6 MIDDLE

SRMS सीईटी में जेस्ट-2025 शुक्रवार को

दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का उद्घाटन करेंगे एकेटीयू के वीसी प्रोफेसर जेपी पांडेय

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Nov): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से पिछले 32 वर्षों से आयोजित होने वाला वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'जेस्ट-2025 एकतत्वम' 14 और 15 नवंबर को आयोजित होगा. दो दिवसीय इस कार्यक्रम में एलुमनाई मीट समेत 20 से ज्यादा प्रतियोगिताओं में एसआरएमएस ट्रस्ट के लखनऊ, उन्नाव और बरेली स्थित

15 नवंबर को पुरस्कार वितरण और डीजे नाइट के साथ होगा दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

शैक्षणिक संस्थानों के 4000 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे. 'जेस्ट-2025 एकतत्वम' का उद्घाटन शुक्रवार सुबह 10 बजे संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति जी और आदित्य मूर्ति जी की उपस्थिति में मुख्य अतिथि एकेटीयू के वीसी प्रोफेसर जेपी पांडेय करेंगे. जबकि समापन शनिवार (15 नवंबर) शाम पुरस्कार वितरण और डीजे नाइट के साथ होगा. यह जानकारी श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता ने दी.

बैंड पर प्रस्तुति देंगे स्टूडेंट्स

डा. प्रभाकर ने कहा कि एसआरएमएस सीईटी में इस वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'जेस्ट-2025 एकतत्वम' में बरेली, लखनऊ और उन्नाव स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी शैक्षिक संस्थानों के करीब 4000 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होते हैं. बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमबीए, एमबीबीएस, पैरामेडिकल, नर्सिंग, एमटेक, एम फार्मा, एलएलबी, बीबीए, बीसीए जैसे पाठ्यक्रम के ये विद्यार्थी 20 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे.